प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 02.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मोंथा चक्रवात से फसलो को हुई क्षति मामले में कृषि मंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा कहा राज्य सरकार किसानों को देगी हर संभव मदद।
2. घाटशिला उपचुनाव में चुनाव प्रचार हुआ तेज, झामुमो की ओर से हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन होंगे चुनावी मैदान में, वही भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह पांच और ओडिशा के सीएम छह को करेंगे चुनावी सभा।
3. जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद अक्टूबिर में जीएसटी संग्रह चार दशमलव छह प्रतिशत बढ़कर एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा।
4. कैबिनेट की बैठक कल, अभियंताओं की नियुक्ति और प्रोन्नति नियमावली सहित कई प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी।
5. हरियाणा के पानीपत में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता के बालिका वर्ग अंडर–19 में पहले दिन झारखंड की पहलवान ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, बालिकाओं के 59 किलो भार वर्ग में झारखंड ने जीता कांस्य।

********************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने देवघर जिले के सारवां प्रखंड क्षेत्र में लगे धान की फसलों में हुई बीमारी और मोंथा तूफान का फसलों पर पड़े असर का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले में ढाई लाख किसानों के फसल बीमा को लेकर रजिस्ट्रेशन हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि तूफान के बाद हुई बारिश से फसलो के नुकसान की शिकायत आई है जिसकी जांच विभाग द्वारा कराई जाएगी।

********************

घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बीजेपी और झामुमो सहित अन्य दल जोर शोर से चुनावी मैदान में प्रचार प्रसार में जुट गए है। दोनो दलों के बड़े नेता हर दिन जनसंपर्क अभियान कर रहे हैं। अब झामुमो अपने सबसे बड़े प्रचारक हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को मैदान में उतारने वाला है। 3 से 8 नवंबर तक वे दोनों हर दिन घाटशिला विधानसभा के अलग अलग जगहों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

इधर, घाटशिला उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह पांच को और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चंद्र मांझी छह नवंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

********************

नरेंद्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर– जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। इस कड़ी में पेश है अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार से हस्तिशिल्पद क्षेत्र को मिल रहे प्रोत्सावहन के बारे में हमारे संवाददाता की रिपोर्ट –

********************

जीएसटी दरों में 22 सितंबर से लागू कटौती के बाद इस वर्ष अक्तूडबर के कुल सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह में अक्टूबर 2024 की तुलना में चार दशमलव छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई।
अक्तूीबर 2024 में जीएसटी संग्रह एक लाख 87 हजार करोड़ रूपये था। इस वर्ष अक्टूेबर में यह बढ़कर एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

********************

कैबिनेट की बैठक कल आयोजित की गई है। इसमें अभियंताओं की नियुक्ति और प्रोन्नति नियमावली सहित कई प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को आवंटित की गई जमीन के रजिस्ट्रेशन शुल्क से छूट देने के निर्णय को भी कैबिनेट की बैठक में पेश किया जा सकता है।

*******************

देवघर जिले में नए सिविल कोर्ट कैंपस के लिए जमीन चिह्नित करने का काम शुरू हो गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर झा एवं उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संयुक्त रूप से गौरा मौजा का दौरा कर निरीक्षण किया। नए कोर्ट भवन के निर्माण को लेकर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए डीपीआर को लेकर संबंधित एजेंसी और कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

*******************

जमशेदपुर में विद्यादीप फाउंडेशन की ओर से 20 और 21 दिसंबर को लिटरेचर फेस्टिवल–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें विभिन प्रांतों से 100 से अधिक लेखक, विचारक, अलंकृत विभूतियां, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान 20 से अधिक सत्र कविता–पाठ, युवा संवाद बुक लॉन्च और सम्मान समारोह आयोजित होंगे।

*******************

पलामू जिले की जयनगरा की चंचला "मजदूरी से आत्मनिर्भरता तक" महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी।

*******************

भारतीय प्रबन्धन संस्थान रांची में चल रहे तीन दिवसीय प्रबन्धन विकास कार्यक्रम में भारतीय डाक के 28 अधिकारी शामिल हुए। जिन्हें मार्केटिंग ऑफ पोस्टल प्रोडक्ट एंड सर्विसेज विषय की जानकारी डी गयी। कार्यक्रम निदेशक प्रो. सत्यम् और प्रो. टाटा साई विजय ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को नए दौर में उपयोगी संस्थागत नवाचार दृष्टिकोण और रणनीतिक की समझ विकसित करना था।

*******************

जामताड़ा जिले में उद्यान विभाग की ओर से पांच दिवसीय मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। इस दौरान विशेष कर ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी जानकारियां देकर मशरूम की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि ग्रामीण महिलाएं मशरूम की खेती के माध्यम से आर्थिक रूप से सबल एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

*******************

राज्य में तूफान मोंथा का असर कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज मौसम साफ रहने की संभावना है। 7 नवंबर तक मौसम साफ रहेगा। हालांकि सुबह में हल्का कोहरा रह सकता है। वहीं अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

*******************

हरियाणा के पानीपत में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता के बालिका वर्ग अंडर–19 में, पहले दिन झारखंड की पहलवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें, सिमरन बिलचन मिंज ने बालिकाओं के 59 किलो भार वर्ग में दिल्ली के पहलवान को हराकर कांस्य पदक झारखण्ड को दिलाया।

झारखंड की पहलवान सिमरन बिलचन मिंज को कांस्य पदक करने जीतने पर, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, झारखण्ड शिक्षा परियोजना निदेशक– शशि रंजन, भोलानाथ सिंह सहित अन्य ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने के मामले में चल रही कार्रवाई की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है बिना स्क्रीनिंग चढ़ रहा थैलेसीमिया पीड़ित 5000 बच्चों को खून, एचआईवी का खतरा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है नगर निकाय चुनाव में वार्डों के आरक्षण का मानक तय करने के लिए बनाई गई थी आरक्षण निर्धारण कमेटी, एक सप्ताह में ना बैठक, ना ही आरक्षण का मानक तय, अब बदले जाएंगे अध्यक्ष।

हिंदुस्तान लिखता है विश्व कप महिला क्रिकेट में आज इतिहास रचने उतरेंगे बेटियां

दैनिक जागरण की सुर्खी है अब घर बैठे करें आधार अपडेट नहीं जाना पड़ेगा केंद्र।

****************